हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024

12 आवारा कुत्तों की दहशत, लोगों में रोष, प्रशासन को ज्ञापन सौंपा



12 क्रेसण्ट स्कूल में करवाई गई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



**खबर संक्षेप**

### शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर हो निपटान

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न गांवों के नागरिकों की प्राप्त अनेक शिकायतों व मामलों का निपटारा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की जायज समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी नागरिकों से मधुर व्यवहार करें और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुने। जो जायज समस्या है उनका तुरंत निपटान करें। उपायुक्त कार्यालय में प्राप्त 28 शिकायतों में से अधिकांश का निपटारा कर दिया गया।

### रतिया में एक को मनाया जाएगा मई दिवस

**रतिया।** देहाती मजदूर सभा रतिया तहसील द्वारा 1 मई को शहीद दविन्द्र सिंह पार्क में मई दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर मजदूरों की कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जाएगी। सभा के राज्य सचिव तजिन्द्र सिंह रतिया ने बताया कि 1 मई 1886 को अमेरिका में इसकी शुरुआत हुई थी क्योंकि 8 घण्टे की मांग को लेकर शिकागो शहर में सैंकड़ों मजदूरों को शहीद कर दिया। अमेरिका की साम्राज्यवादी सरकार ने 7 मजदूर नेताओं को फांसी पर चढ़कर शहीद कर दिया।

### गांव खुईयां नेपालपुर में विवाहिता ने लगाया फंदा

**ओढां।** क्षेत्र के गांव खुईयां नेपालपुर में एक विवाहित महिला ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय महिला परमजीत कौर पत्नी 'यानी राम मानसिक रूप से परेशान रहती थी। वीरवार को परमजीत कौर घर में अकेली थी। उसने अपने कमरे में बेड पर सिलेंडर रखा और उस पर चढ़कर छत के गाडर से चुनी बांधकर नीचे लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर एएसआई लखा राम ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिरसा अस्पताल पहुंचाया।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 28 को

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। वेलफेयर ट्रस्ट सिरसा द्वारा संचालित जनता मैटरनिटी एवं जनरल अस्पताल सिरसा की ओर से स्थानीय श्री गौशाला सिरसा में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर 28 अप्रेल 2024 को आयोजित किया जाएगा।

### एसीएस ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अधिकारियों से की बैठक

# खरीद एजेंसियां को गेहूं के उठान में तेजी लाने के आदेश

**अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की अनाज मंडियों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय, बारदाना आदि की उचित व्यवस्था की जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा जिला के नियुक्त नोडल अधिकारी विनीत गर्ग ने जिला की विभिन्न अनाज मंडी का दौरा कर फसल खरीद कायारें का जायजा लिया। फतेहाबाद व रतिया की अनाज मंडियों का दौरा करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसान को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए उचित प्रबंध किए गए है। अगर फिर भी कोई कमी है तो उसे पूरा किया जाए। इसके अलावा गेहूं फसल का उठान भी सुनिश्चित किया जाए। एसीएस ने इससे पहले भूना रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अधिकारियों की आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की और जिला में गेहूं खरीद को लेकर किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को उनकी फसल का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की अनाज मंडियों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय, बारदाना आदि की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि अनाज मंडियों में आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल शौचालयों का भी प्रबंध किया जाए।



**फतेहाबाद।** जिला की अनाज मंडियों का दौरा कर फसल खरीद प्रबंधों का जायजा लेते हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के एसीएस विनीत गर्ग, साथ हैं उपायुक्त राहुल नरवाल।

### 4 लाख 63 हजार मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद किसानों के बैंक खाते में डाले 467 करोड़ 57 लाख रुपये

**फतेहाबाद।** जिला की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर खरीद की गई गेहूं की फसल का 90.66 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। 26786 किसानों की 4 लाख 63 हजार 931 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसके एवज में 467 करोड़ 57 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। फूड सप्लाई ने 50 करोड़ 81 लाख रुपये, हैफेड ने 224 करोड़ 66 लाख रुपये, एचडब्ल्यूसी ने 155 करोड़ 54 लाख रुपये तथा एफसीआई ने 36 करोड़ 36 लाख रुपये किसानों को भुगतान किया है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि खरीद के साथ उठान में भी तेजी लाई जा रही है। 48.86 प्रतिशत गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। 2 लाख 26 हजार 688 मीट्रिक टन गेहूं का उठान अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से किया जा चुका है जिसमें से 25967.2 मीट्रिक टन, हैफेड ने 102691 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 85402 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 12627.87 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया है।



**सिरसा।** अनाजमंडी का जायजा लेने पहुंचे उपायुक्त आरके सिंह।

### रात को फील्ड में उतरे उपायुक्त

**सिरसा।** उपायुक्त आरके सिंह ने कहा कि जिला सिरसा में मंडियों में भारी गेहूं की आवक के मद्देनजर सभी पुख्ता प्रबंध किए जाएं और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि खरीद के साथ-साथ उठान कार्य में किसी प्रकार की कोताही न हो। इसके साथ-साथ मौसमी बारिश की संभावना को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग व आढती तिरपाल एवं अन्य बंदोबस्त को सुनिश्चित करें। इसी के मद्देनजर उपायुक्त आर के सिंह ने वीरवार देर रात सिरसा अनाज मंडी व शुक्रवार को सिरसा के एफसीआई गोदाम, डिंग अनाज मंडी, चोपटा अनाज मंडी, ऐलनाबाद अनाज मंडी, रानियां अनाज मंडी, खारियां मंडी इत्यादि मंडियों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उठान कार्य में तेजी लाने के लिए अधिकारियों व आढतियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वीरवार रात्रि सिरसा अनाज मंडी में ठेकेदारों व मजदूरों से बातचीत की और स्वयं की मौजूदगी में ट्रेकों में गेहूं का उठान करवाया। उपायुक्त ने ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी कि उठान कार्य में किसी प्रकार की लेटलतीफी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरुरत अनुसार अतिरिक्त ट्रेकों व लेबर की व्यवस्था की जाए ताकि मंडी में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उपायुक्त ने मार्केट कमेटी तथा संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे 24 घंटे मंडी में निगरानी करें और उठान कार्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसानों को गेट पास व टोकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए समुचित स्टॉफ की शैड्यूल वाइज व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी व्यक्तिगत तौर पर आढतियों व किसानों से संपर्क बनाए रखें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे तुरंत उन्हें अवगत करवाएं। इस अवसर पर डीएम हेफेड मांगेराम, डीएफएससी कप्तान सिंह मौजूद रहे।

## पुलिस ने दबोचे शराब तस्करी के दस आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों से 10 शराब तस्करी के आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से काफी मात्रा में अवैध शराब तथा लाहन बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला की बड़ागुढ़ा थाना पुलिस ने राजपाल निवासी चूली बागड़िया जिला हिसार को गश्त व चेकिंग के दौरान 12 बोतल देसी शराब के साथ गांव बड़ागुढ़ा क्षेत्र से काबू किया है। उन्होंने बताया कि डिंग थाना पुलिस ने जयवीर निवासी कोटली को 14 बोतल देसी शराब के साथ जबकि सीआईए सिरसा पुलिस ने महावीर निवासी ताजियाखेड़ा को 16 बोतल देसी शराब के साथ उसी के गांव ताजियाखेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एक अन्य घटना में ऐलनाबाद थाना पुलिस ने सुखदेव निवासी तलवाड़ा खुर्द को उसी के गांव से 15 बोतल देसी शराब के साथ जबकि चोपटा थाना पुलिस ने कमल निवासी बकरियांवाली को 9 बोतल देसी शराब के साथ काबू किया है। रानियां थाना पुलिस ने बगीचा सिंह निवासी थेहड समंदर सिंह को 5 बोतल नाजायज शराब के साथ थेहड समंदर सिंह क्षेत्र से काबू किया है। एक अन्य मामले में रानियां थाना पुलिस ने सामा सिंह निवासी बुडानिया थेहड़ को 120 लीटर लाहन के साथ गांव करीवाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वहीं शहर थाना सिरसा पुलिस ने विशाल निवासी कंगनपुर को 14 बोतल देसी शराब के साथ कंगनपुर रोड, सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। एक अन्य घटना में सदर थाना सिरसा पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान जगरूप सिंह निवासी मल्लेकां को 13 बोतल देसी शराब सहित जबकि पाला सिंह निवासी सिकंदरपुर को 8 बोतल देसी शराब के साथ उसी के गांव सिकंदरपुर से काबू किया है। पुलिस ने पकड़े गए सभी लोगों के खिलाफ संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

## कुमारी सैलजा के उम्मीदवार बनने पर कांग्रेसियों ने बांटे लड्डू

**सिरसा।** कुमारी सैलजा को सिरसा लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बनाए जाने की खुशी में कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन में एकत्रित होकर खुशी का इजहार किया और लड्डू बांटे। खुशी का इजहार करते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि कुमारी सैलजा के उम्मीदवार बनने से सिरसा लोकसभा चुनाव रोचक हो गया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि सभी मिलकर कुमारी सैलजा को भारी मतों से चुनाव जिताने का काम करेंगे। इस मौके पर हरिओम कौशिक, वीरभान मेहता, नवीन केडिया, गोपीराम चाडीवाल, पवन बेनीवाल, विनीत कंबोज, संतोष बेनीवाल, संदीप नेहरा, अमीर चावला, राजेश चाडीवाल, निर्मल सिंह मलड़ी, उर्मिला भारद्वाज, कर्मजीत कौर, तेजभान पटवारी, रतन गेदर, हरजवंत सिंह, गजानंद सोनी, लादूराम पूनिया, करनैल सिंह, जग्गा बराड़, छोटू सहारण, मलकीत रंधावा, प्रो. रामचंद्र लिंबा आदि मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने दिखाई पुलिस गाड़ियों को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक डबवाली ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को 16 बाइक राइडर्स, 2 पीसीआर व 2 दुर्गा शक्ति गाड़ियों को अपने कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद सभी राइडर्स, पीसीआर तथा दुर्गा शक्ति गाड़ियां अपने-अपने थाना क्षेत्र में रवाना हुए। जिले में अपराध को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से यह नई शुरुआत की गई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह ने कहा है कि इतनी संख्या में बाइक राइडर, पीसीआर व गाड़ियों की तैनाती से जिले में पुलिस कर्मचारी प्रभावी ढंग से पेट्रोलिंग और गश्त कर पाएंगे जो अपराध रोकने में काफी लाभदायक साबित होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डबवाली क्षेत्र के कई गांव व शहरों में काफी गलियां ऐसी हैं जहां पर पुलिस की बड़ी गाड़ियां नहीं जा सकती, ऐसे में इन दुपहिया वाहनों से वहां आसानी से पहुंचा जा सकेगा। बाइक राइडर हर तंग गलियों में भी पहुंच कर अपराध को रोकने का काम करेंगे।



**सिरसा।** बाइक राइडर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी सुमेर सिंह।

## बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक ट्रस्ट ने वितरित किए कार्ड

**सिरसा।** बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेल्फेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी व सौजन्य कुमार विमलेश शुक्रवार को अपनी कार्यकारिणी सहित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नागोकी पहुंचे। विद्यार्थियों से बातचीत कर व प्राथमिक जानकारी के आधार पर निःशुल्क जांच व मुफ्त चश्मा वितरण के लिए 50 कार्ड विद्यार्थियों को वितरित किए। इसमें विद्यार्थियों की निःशुल्क आंखों की जांच के साथ-साथ निःशुल्क चश्मा देने का भी प्रावधान है। जरूरतमंद विद्यार्थियों को अपने वक्तव्य में अध्यक्ष गुरदीप सैनी ने बताया कि शिक्षा में पढ़ाई के दो चरण माने जाते हैं। प्रथम चरण में छात्र पढ़ने के लिए सीखते हैं और दूसरे चरण में सीखने के लिए पढ़ते हैं। दोनों ही चरणों में आंखों का एक समान महत्व रहता है। प्रथम चरण में विद्यार्थी प्राथमिक कक्षाओं में वर्ण ज्ञान, शब्द ज्ञान, संख्या ज्ञान से अपने को निपुण करते हैं, ताकि आगे की कक्षाओं के विषयों को समझ के साथ पढ़ सके।

### नशीली दवाओं का प्रयोग एक सामाजिक स्वास्थ्य अपराध: डॉ. ढींडसा

**सिरसा।** जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में नो ड्रग्स यूज के संदेश को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल द्वारा एक पोस्टर और स्लोगन राइटिंग कंपटीशन आयोजित किया जिसमें मुख्यातिथि विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा थे जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने की। डॉ. ढींडसा ने कहा कि ड्रग्स का सेवन एक ऐसी समस्या है जो हमारे समाज को बहुत ही गंभीर रूप में प्रभावित कर रही है। ड्रग्स के सेवन के नुकसान वास्तव में अविश्वसनीय हैं। ये नुकसान हमारे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर होते हैं। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं का प्रयोग एक सामाजिक और स्वास्थ्य अपराध है। पहले, यह हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और फिर सामाजिक स्तर पर भी इसका नुकसान होता है।

### 7 दिवसीय संगीतमयी श्री श्याम कथा का दूसरा दिन

## श्री श्याम कथा में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

शहर के श्रीकृष्ण गौशाला रोड स्थित निर्माणाधीन श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट रतिया द्वारा श्री बांके बिहारी महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित 7 दिवसीय संगीतमयी श्री श्याम कथा के दूसरे दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। व्यास पीठ से कथावाचक पंडित पुरुषोतम शर्मा ने आज बर्बरीक का जन्म, भीम दादा और बर्बरीक पोता में युद्ध, भगवान कृष्ण ही बर्बरीक के गुरु, बर्बरीक द्वारा स्वच्छता का संदेश आदि का प्रसंग सुनाया। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि घटोत्कच व माता मोरवी को तीन पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। सबसे बड़े पुत्र के बाल बब्बर शेर की तरह होने के कारण उसका नाम बर्बरीक रखा गया। ये वही वीर बर्बरीक हैं जिन्हें आज लोग खाटू के श्री श्याम, कलयुग के देव, श्याम सरकार, तीन बाण धारी, शीश के दानी, खाटू नरेश व अन्य अनगिनत नामों से जाने जाते हैं। कथावाचक ने कहा कि एक दिन पांडव वनवास काल में भ्रमण करते हुए भूखे प्यासे उस तालाब के पास पहुंचे, जिससे वीर बर्बरीक सिद्ध अम्बिकाओं के पूजन के लिए जल लिया करते थे। महाबली भीम प्यास से उतावले थे। वे बिना हाथ-पैर धोए ही उस तालाब में प्रवेश कर गए। बर्बरीक ने गर्जना करते हुए भीम को ऐसा करने से रोका। इसके बाद बात बढ़ गई और भीम व बर्बरीक के बीच महायुद्ध शुरू हुआ। बर्बरीक ने महाबली भीम को अपने हाथों से उठा लिया और जैसे ही उन्हें सागर में फेंकना चाहा, सिद्ध अम्बिकाएं प्रकट हो गईं। उन्होंने बर्बरीक से भीम का वास्तविक परिचय करवाया। भारत के सबसे प्रसिद्ध कृष्ण मंदिरों में से एक खाटू श्याम का मंदिर मुख्य रूप से बर्बरीक नामक महाभारत के दानव को समर्पित है। इसीलिए खाटू श्याम की जीवन कथा की शुरुआत महाभारत से होती है। विधिवत पूजन के बाद सांय 4 बजे श्री श्याम कथा की शुरुआत मुख्य यजमान बलविंद्र गर्ग व सन्नी बांसल ने सहपरिवार दीप प्रज्ज्वलन के साथ की।



रतिया। रतिया कथा सुनते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि





हाथी पृथ्वी का इकलौता ऐसा जानवर है जो कूद नहीं सकता।



डॉल्फिन के पास 100-200 के बीच दांत होते हैं, लेकिन फिर भी वह अपने शिकार को निगल कर खाते हैं।



# मेहनत कर आप भी बन सकते हैं पोस्ट अधिकारी

नालेज

यंगभूमि डेस्क

हर गांव में एक पोस्ट ऑफिस मुख्य रूप से उपलब्ध होता है। कई ऐसे छोटे गांव है, जहां पर डाकघर नहीं होगा लेकिन हर एक पंचायत में एक डाकघर अवश्य है। पोस्ट ऑफिस में अलग-अलग पदों पर पोस्ट अधिकारी काम करते हैं। पोस्ट वितरित करने वाले डाकिए से लेकर ब्रांच मैनेजर तक पोस्ट ऑफिसर अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जब हम अपने आसपास किसी भी पोस्ट ऑफिसर को देखते हैं तो हमारे मन में भी ख्याल आता है, कि पोस्ट ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट ऑफिसर कैसे बनें। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

## कौन होता है पोस्ट अधिकारी

भारतीय पोस्ट यानी कि इंडियन डाक डिपार्टमेंट में काम करने वाला हर एक कर्मचारी पोस्ट ऑफिसर कहलाता है। डाक वितरित करने वाले अधिकारी को भी पोस्ट ऑफिसर के नाम से कहा जाता है। हालांकि सामान्य भाषा में डाकिया भी कहते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए विद्यार्थी कौन-कौन से काम करके पोस्ट ऑफिसर बन सकता है। इसकी जानकारी हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### जरूरी दस्तावेज

*सरकार के द्वारा रिक्त पदों के आधार पर नियमित रूप से पोस्ट ऑफिस पर पद पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में आप अपना आवेदन लगाकर पोस्ट ऑफिसर बन सकते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी दस्तावेज नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं:*

- आवेदक का आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- बैंक पासबुक
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट
- कंप्यूटर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट

## जरूरी योग्यता

जो उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर बनना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों को कई तरह की योग्यता का मुख्य रुप से ध्यान रखना होता है। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- पोस्ट ऑफिसर बनने वाले सभी कर्मचारियों को सबसे पहले भारत की नागरिकता का मापदंड पूरा करना होगा। जो कर्मचारी भारत के नागरिक है। उनको पोस्ट ऑफिसर बनने का मौका मिलेगा।
- पोस्ट ऑफिस पद पर निकलने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
- आवेदक मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ होना जरूरी है।
- आवेदक को कंप्यूटर का बेहतरीन नॉलेज होना चाहिए और कंप्यूटर के बेहतरीन नॉलेज के साथ-साथ एमएससीआईटी और सीसीसी कोर्स करना आवश्यक है।
- आवेदक के पास न्यूनतम ग्रेजुएशन डिग्री होना जरूरी है ग्रेजुएशन डिग्री के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर के लिए अपना आवेदन लगा पाएंगे।
- उम्मीदवार का किसी भी तरह से क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए हालांकि यह पुलिस वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जो क्रिमिनल रिकॉर्ड ना होने का दावा करता है। यह आपके लिखित परीक्षा में पास होने के बाद पूछा जाने वाला एक दस्तावेज है।

## कैसे बने पोस्ट अधिकारी

**पोस्ट ऑफिसर बनने का सपना देखने वाले कर्मचारियों को कई तरह से तैयारी करनी होती है। सर्वप्रथम कर्मचारियों को पहले ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करनी होगी। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर बनने के योग्य होते हैं।**

पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार को सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करने के बाद किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करनी होगी। विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री अच्छे अंकों के साथ बात करनी है। क्योंकि विद्यार्थी के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम योग्यता के तौर पर पोस्ट ऑफिसर के लिए मानी जाती है। हालांकि पुराने जमाने में डाकिया बनने के लिए कोई भी ग्रेजुएशन डिग्री की जरूरत नहीं होती थी। लेकिन वर्तमान में नए मापदंड के आधार पर डाकिया बनने के लिए भी आपको ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ ही आप आवेदन लगा सकेंगे।

**परीक्षा और इंटरव्यू :** डाक भर्ती का लिखित पेपर पास करने के पश्चात कुछ विशेष पदों के लिए इंटरव्यू का आयोजन भी किया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद में फाइनल मेरिट लिस्ट की घोषणा होती है और उसके आधार पर आप को चयनित कर के दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। पोस्ट ऑफिस तक पद पर काम करने वाले उम्मीदवार को शुरुआत में बेसिक सैलरी 20000 से लेकर 38000 तक प्रदान करवाई जाती है।

### भर्ती में आवेदन करें

जब विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर देता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी को पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए सरकार के द्वारा नियमित रूप से रिक्त पदों के अनुसार भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में अपना आवेदन लगा कर भर्ती की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### भर्ती परीक्षा की तैयारी करें

जब उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर पद के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में अपना आवेदन लगा देता है तो उसके पश्चात उस विद्यार्थी को परीक्षा के सिलेबस को समझते हुए और एग्जाम पैटर्न को समझते हुए बेहतरीन तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में हर पद के लिए बहुत ही ज्यादा कंपटीशन भारत में है। सरकारी नौकरी को लेकर चपरासी पद के लिए भी जबरदस्त कंपटीशन वर्तमान समय में देखने को मिलता है। ऐसे में आपको नियमित पांच से 6 घंटे तक पढ़ाई करते हुए पोस्ट ऑफिसर भर्ती परीक्षा के सिलेबस को पूरा पढ़ना चाहिए और उसके बाद पोस्ट ऑफिस परीक्षा के एग्जाम को क्लियर करना है।

## विज्ञान तथा मेडिकल के क्षेत्र में भारी जरूरत

# दूसरों का मन पढ़ने की काबिलियत है तो मनोवैज्ञानिक बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद

मनोवैज्ञानिक का अर्थ होता है कोई ऐसा व्यक्ति जो दूसरों के मन की बात जान सकें, उसे मनोवैज्ञानिक कहते हैं। इंग्लिश में इसे साइकोलॉजिस्ट कहते हैं। वर्तमान समय में यह शब्द काफी ज्यादा प्रचलित है क्योंकि बड़े पैमाने पर मनोवैज्ञानिक की आवश्यकता रहती है। आमतौर पर विज्ञान तथा मेडिकल के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर साइकोलॉजिस्ट की आवश्यकता रहती हैं और वैसे भी प्रत्येक इंसान यह चाहता है कि वह दूसरों के मन की बात जान सकें, दूसरों के दिमाग में क्या चल रहा है। इस बारे में वह समझ सकें। लेकिन इसे किसी जादू से या तंत्र विद्या से हासिल नहीं किया जाता है, बल्कि मनोविज्ञान पढ़ना होता है। जिसके अंतर्गत आप दूसरों के मन की बात जान सकते हैं। विशेष रूप से ऐसे व्यक्ति जो मानसिक रूप से कमजोर हैं। उनके दिमाग की स्थिति जानकर उनका उपचार किया जाता है।





### काफी काम आते मनोवैज्ञानिक


इसीलिए मेडिकल के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मनोवैज्ञानिक की आवश्यकता होती है। दुनिया भर में बड़े पैमाने पर मनोवैज्ञानिक मौजूद हैं। इसके अलावा सरकार भी अपने विरोधी देशों के सरकार के दिमाग में चल रहे क्रियाकलापों के बारे में जानना चाहती हैं, इस जगह पर मनोवैज्ञानिक काफी काम आते हैं। अगर आप भी मनोवैज्ञानिक बनना चाहते हैं? यानी की मनोवैज्ञानिक बनना चाहते हैं? तो इसके लिए आपको क्या-क्या करना होगा? किस प्रकार के पढ़ाई करें? कितना समय लगेगा? तथा किस प्रकार से आप साइकोलॉजिस्ट बन पाएंगे? इस प्रकार की पूरी जानकारी इस आर्टिकल में हम आपको विस्तार से बताएंगे। इस आर्टिकल को पढ़ने के बाद आपको पता चल जाएगा कि मनोवैज्ञानिक कैसे बनें। तो चलिए आपको बताते हैं कि मनोवैज्ञानिक क्या होता है? तथा मनोवैज्ञानिक कैसे बनते हैं?

### क्या होता है मनोवैज्ञानिक

*साइकलोजिस्ट को हिंदी में मनोवैज्ञानिक कहते हैं। इसका अर्थ होता है कि मानव मस्तिष्क का अध्ययन करना तथा मानव मस्तिष्क को समझना। आसान भाषा में बताएं तो किसी भी व्यक्ति के दिमाग में क्या चल रहा है? वह व्यक्ति क्या सोच रहा है? तथा आगे क्या कर सकता है? इस बात को समझ कर उसका अर्थ निकालना मनोवैज्ञानिक कहलाता है। विशेष रूप से अगर कोई व्यक्ति गुस्से में है, खुशी में है, या दुख में है? तो मनोवैज्ञानिक उनकी भावनाओं के आधार पर उसके मस्तिष्क का अध्ययन करके यह पता लगाते हैं कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है। इस तरह का मस्तिष्क का अध्ययन करने वाले व्यक्ति को मनोवैज्ञानिक कहते हैं। आमतौर पर आज के समय में तनाव तथा डिप्रेशन से ग्रसित लोगों को मनोवैज्ञानिक की अत्यधिक आवश्यकता होती है क्योंकि वह लोग पूरी तरह से तनाव में जकड़ जाते हैं। जबकि विशेषज्ञों को अपनी परेशानी भी खुलकर नहीं बताते हैं। ऐसी स्थिति में मनोवैज्ञानिक उनके मस्तिष्क का अध्ययन करके व्यक्ति के व्यवहार उसकी सोच भावनाएं इत्यादि के बारे में विस्तार से गहनता से अध्ययन करके उसके दुखों का पता लगाते हैं, जिसके आधार पर उनका उपचार किया जाता है और वे ठीक हो जाते हैं। यही वजह है कि आज के समय में मनोवैज्ञानिक की काफी ज्यादा डिमांड बढ़ गई है।*

### साइकोलॉजिस्ट के कार्य

*साइकोलॉजिस्ट का मुख्य कार्य रिसर्च का अध्ययन करना होता है। साइकोलॉजिस्ट मुख्य रूप से मानसिक रूप से बीमार तथा मस्तिष्क से संबंधित बीमारियों वाले मरीजों के मस्तिष्क का अध्ययन करते हैं। ताकि उन्हें उचित उपचार दिलाया जा सकें और उनके मस्तिष्क को ठीक किया जा सकें। इसीलिए इंसानी दिमाग को पढ़ने के लिए इस तरह के साइकोलॉजिस्ट होते हैं। साइकोलॉजिस्ट किसी भी इंसान के दिमाग को पढ़ने का काम करते हैं, जिससे उन्हें पता चल जाता है कि वह किस प्रकार से सोचते हैं? किस प्रकार से योजना बनाते हैं। साइकोलॉजिस्ट विज्ञान की एक शाखा है। इसीलिए इसका मुख्य रूप से उपयोग मेडिकल तथा रिसर्च एवं प्रयोग से संबंधित होता है। मनुष्य का व्यक्ति किस प्रकार से कार्य करता है? मस्तिष्क में कौन-कौन से विचार आते हैं? इत्यादि के बारे में गहनता से साइकोलॉजिस्ट द्वारा अध्ययन किया जाता है। आमतौर पर आज के समय में ज्यादातर लोग डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं, तनाव के शिकार हो जाते हैं, मन में अनचाहे विचार आते हैं, विभिन्न प्रकार की सोच होती है, भावनाएं काबू में नहीं रहती है, तरह-तरह की फीलिंग आती है, विभिन्न प्रकार का प्रसार बना रहता है, इससे उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। इन सभी कार्यों का अध्ययन मनोवैज्ञानिक अर्थात साइकोलॉजिस्ट द्वारा किया जाता है।*



### कितने प्रकार के होते हैं साइकोलॉजिस्ट

**व्यक्तिगत साइकोलॉजिस्ट :** इस शाखा के अंतर्गत व्यक्तिगत सोच के तरीकों को अध्ययन के रूप में जाना जाता है। इससे यह पता चलता है कि व्यक्तिगत रूप से व्यक्ति की सोच बदलाव तथा उसके परिवर्तन में क्या कारण आए हैं। इस बारे में गहनता से अध्ययन किया जाता है।

**सामाजिक साइकोलॉजिस्ट :** इस शाखा के अंतर्गत एक समाज या समूह के मस्तिष्क का अध्ययन किया जाता है। इसके दौरान यह पता लगाया जाता है कि वह समाज या संगठन अथवा समूह किस प्रकार का व्यवहार रखता है, किस प्रकार से सोचता है, उनका क्या विकास है तथा क्या उनकी भावनाएं है। इत्यादि सामाजिक साइकोलॉजिस्ट के अनुसार अध्ययन किया जाता है।

**जैविक साइकोलॉजिस्ट :** इस शाखा के अनुसार शरीर में बदलाव के रूप में मस्तिष्क का अध्ययन किया जाता है यानी कि शरीर में जिस प्रकार से जैविक प्रक्रिया के अनुसार बदलाव होते हैं? उस समय मनुष्य का मस्तिष्क किस तरह से प्रभावित होता है। इस बारे में अध्ययन किया जाता है।

**नैदानिक साइकोलॉजिस्ट :** यहां शाखा विशेष रूप से मानसिक रोगियों के लिए उपलब्ध की गई है। विशेष रूप से जो व्यक्ति दिमाग की बीमारियों से ग्रसित है या मानसिक रूप से कमजोर हैं। उनके दिमाग को पढ़कर उपयुक्त इलाज के लिए उनके मस्तिष्क का अध्ययन किया जाता है। इसीलिए इसे नैदानिक साइकोलॉजिस्ट कहते हैं।

**सज्ञानात्मक साइकोलॉजिस्ट :** इस शाखा के अंतर्गत व्यक्ति के सोचने के तरीके निर्णय लेने के तरीके समस्या और परेशानियों से समझने के तरीके तथा बात करने के तरीकों के बारे में मस्तिष्क का अध्ययन किया जाता है। इस साइकोलॉजिस्ट शाखा को संज्ञानात्मक शाखा कहते हैं। विशेष रुप से इस शाखा के साइकोलॉजिस्ट को बड़े-बड़े देश की सरकारें विरोधी देशों के लिए इस्तेमाल करती है।

### ऐसे बनें मनोवैज्ञानिक

- साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए अभ्यर्थी को सबसे पहले बैचलर ऑफ साइकोलॉजी का कोर्स करना होगा। यह कोर्स 3 वर्ष का होता है। इसके अंतर्गत 2 वर्ष का मास्टर ऑफ साइकोलॉजी कोर्स करना होता है।
- साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए विशेष रूप से आपको इस विषय में रुचि होने चाहिए, तभी आप साइकोलॉजिस्ट बन पाएंगे।
- साइकोलॉजी के क्षेत्र में मास्टर की डिग्री प्राप्त करने के बाद स्पेशलाइजेशन भी किया जा सकता है।
- साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए गहनता से सुनने की क्षमता होनी चाहिए।
- दूसरों के मस्तिष्क को बारीकी से जानने और उस पर अध्ययन करने की प्रबल इच्छा होनी चाहिएं।
- अभ्यर्थी की अच्छी कम्यूनिकेशन स्किल होनी चाहिए।
- साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए धैर्यवान, आत्मविश्वास तथा सुनने एवं समझने की योग्यता रखनी चाहिए।

# सोशल मीडिया कार्यस्थल को बना रहा विषैला, युवा सावधानी से करें उपयोग



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सोशल मीडिया का उपयोग समाज में एक व्यापक बदलाव लाया है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यह व्यक्तिगत और व्यापारिक जीवन को कैसे प्रभावित कर रहा है? वास्तव में, सोशल मीडिया ने कार्यस्थल को विषैला बना दिया है। यहां हम उस तरह के प्रभावों पर विचार करेंगे जिनसे सोशल मीडिया कार्यस्थल में वातावरण को नकारात्मक बनाता है। आज के युवा लोगों के लिए सोशल मीडिया एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। यह उन्हें दोस्तों के साथ जुड़े रहने, नए ज्ञान की प्राप्ति करने और अपने विचारों को साझा करने का माध्यम प्रदान करता है। हालांकि, सोशल मीडिया के उपयोग के साथ ही साइबर बुलिंग का खतरा भी है, जो युवाओं को प्रभावित कर सकता है।

## साइबर बुलिंग से बचने को जागरुकता जरूरी

यहां हम कुछ सलाह प्रस्तुत कर रहे हैं जो युवा लोगों को सोशल मीडिया और साइबर बुलिंग के खतरों से बचाने में मदद कर सकती हैं। सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण उपाय है जागरूकता। युवाओं को सोशल मीडिया और साइबर बुलिंग के खतरों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए ताकि वे संवेदनशीलता के साथ इन खतरों को पहचान सकें और उनसे बच सकें। सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग करना बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल युवाओं को अपनी सोशल जिम्मेदारियों को समय से ख़त्म करने के लिए सिखाता है, बल्कि उन्हें सकारात्मक और उत्तरदायी रूप से सोशल मीडिया पर बर्ताव करने के लिए भी प्रेरित करता है। यदि कोई युवा साइबर बुलिंग का शिकार होता है, तो उसे सहानुभूति और समर्थन की जरूरत होती है। वह खुद को अकेला महसूस नहीं करें और उसे अपनी समस्या को साझा करने के लिए स्वतंत्र महसूस करने के लिए प्रेरित करें। युवाओं को अपनी गोपनीयता की महत्वपूर्णता के बारे में शिक्षा देना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने व्यक्तिगत जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले सोचने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। युवाओं को सकारात्मक सोशल मीडिया अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। वे अपने सोशल मीडिया खातों पर सकारात्मक और उत्तेजक सामग्री को साझा करने और देखने के लिए उत्साहित होना चाहिए। इन सलाहों का पालन करते हुए, युवा लोग सोशल मीडिया के खतरों से बच सकते हैं और उसे सकारात्मक और सार्थक रूप से उपयोग कर सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करने में लोग अक्सर कार्यस्थल में समय की बर्बादी करते हैं। वे काम के समय में अपने सोशल मीडिया खातों को चेक करने में लगे रहते हैं, जिससे कार्य पर ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल होती है और काम की प्रगति पर असर पड़ता है। कई बार सोशल मीडिया पर देखी गई जानकारियों और फोटोग्राफों के कारण, कर्मचारियों के बीच अप्रत्याशित व्यवहार हो सकता है। इससे कार्यस्थल में विश्वास की कमी होती है और सामूहिक संबंधों में कटुता आ सकती है। सोशल मीडिया पर नकली जीवन और सफलता की तस्वीरें देखकर, लोग अक्सर अपनी खुद की तुलना अन्य लोगों से करते हैं, जो मानसिक तनाव का कारण बन सकता है। इससे कार्यस्थल में रिश्तों में टेंशन और आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। कार्यस्थल में सोशल मीडिया का उपयोग करते समय, कर्मचारियों को गोपनीयता का अनुपालन करना चाहिए। लेकिन अक्सर लोग निजी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करते हैं, जिससे गोपनीयता की चुनौती पैदा होती है और अप्रत्याशित परिणाम हो सकते हैं।

### महिलाएं हो रहीं ज्यादा प्रताड़ित

सोशल मीडिया का उपयोग करने से कर्मचारियों के बीच संवाद की कमी हो सकती है। वे अक्सर चैट, इमेल या सोशल मीडिया के माध्यम से संवाद करते हैं, जिससे सामूहिक दृष्टिकोण और टीम काम को प्रभावित किया जा सकता है। सोशल मीडिया का सही उपयोग करते हुए जागरूक रहना चाहिए और कार्यस्थल में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। "सोशल मीडिया और डिजिटलीकरण का आगमन कार्यस्थलों में अनेक नए संभावनाओं का उत्थान किया है, लेकिन इसके साथ ही कुछ चुनौतियां भी उत्पन्न हुई हैं। महिलाएं, खासकर कार्यस्थल में, इस डिजिटल युग में अधिक शिकार बनने के खतरे से जूझ रही हैं। उन्हें अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा ऑनलाइन या ऑफलाइन उत्पीड़न, बुलिंग, या अन्य दुर्व्यवहार का शिकार बनाया जा सकता है। सबसे पहले, महिलाओं को अपने अधिकारों और उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक होना चाहिए। उन्हें यह समझना चाहिए कि कैसे वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं और कैसे वे अपने कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल कर सकती हैं। महिलाओं को एक समर्थन सिस्टम की आवश्यकता होती है, जो उन्हें आत्मसमर्थन, सलाह, और समर्थन प्रदान कर सकता है। कार्यस्थल में, इसका मतलब है कि कंपनी को नेतृत्व से लेकर सहकर्मियों तक, सभी को महिलाओं का समर्थन करना चाहिए। कंपनी को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह एक स्पष्ट और सख्त नीति के साथ साइबर बुलींग और उत्पीड़न के खिलाफ है। यह नीतियाँ और प्रक्रियाएँ महिलाओं को सुरक्षित और समर्थित महसूस करने में मदद कर सकती हैं। कंपनी को एक विशेष जाँच और प्रतिक्रिया प्रक्रिया अपनानी चाहिए, जिसमें किसी भी उत्पीड़न की शिकायत को गंभीरता से लिया और संवेदनशीलता के साथ उसका समाधान किया जाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ब्रजभाषा' है -
(ए) पूर्वी हिन्दी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) बिहारी हिन्दी
(डी) पहाड़ी हिन्दी

**2.** मगही' किस भाषा की बोली है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) पूर्वी हिन्दी
(डी) बिहारी

**3.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(ए) मागधी
(बी) अर्धमागधी
(सी) शौरसेनी
(डी) ब्राचड़

**4.** भाषा के आधार पर राज्यों की पुनः संरचना की गयी थी ?
(ए) 1952 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1954 ई. में
(डी) 1956 ई. में

**5.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(ए) पंजाब
(बी) जमू-कश्मीर
(सी) रजस्थान
(डी) आंध्र-प्रदेश

**6.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पूर्वी हिन्दी
(सी) बिहारी
(डी) पश्चिमी हिन्दी

**7.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?
(ए) 15 अगस्त, 1947 ई.
(बी) 26 जनवरी, 1950 ई..
(सी) 14 सितम्बर, 1949 ई..
(डी) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**8.** वर्ष 1955 ई. में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे -
(ए) बी. जी. खेर
(बी) सुनीति कुमार चटर्जी
(सी) जी. बी. पन्त
(डी) पी. सुव्योरोयान

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### शाह सतनाम ब्वॉयज कॉलेज के 7 छात्रों ने पाई मैरिट

**सिरसा।** शाह सतनाम जी ब्वॉयज कॉलेज के विद्यार्थियों ने खेलों के साथ-साथ शैक्षणिक स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी टॉप-10 सूची में कॉलेज के 51 विद्यार्थियों ने स्थान हासिल किया है जबकि सात विद्यार्थी विभिन्न संकायों में विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान पर रहे हैं। कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया।

### विश्व टीकाकरण सप्ताह पर विस्तार व्याख्यान

**रतिया।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में विश्व टीकाकरण सप्ताह पर विस्तार व्याखयान आयोजित करवाया गया। इसका आयोजन प्राचार्य प्रेम मेहता की अध्यक्षता और रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी प्रो. प्रियंका मेहरा के संयोजन में करवाया गया। प्रो. प्रियंका ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व टीकाकरण सप्ताह हर वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता और इस बार यह 24-30 से अप्रैल तक मनाया जा रहा है। मुख्य वक्ता डॉ सीमा ने टीकाकरण के महत्व पर छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि टीकाकरण बच्चों के पैदा होने से लेकर 9-10 वर्ष की आयु तक लगाया जाता है।

### आज सुबह रतिया में 4 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**रतिया।** 33 केवीए बिजली घर रतिया में जरनल मेंटेनेंस कार्य के चलते 27 अप्रैल शनिवार को रतिया शहर की बिजली सप्लाई सुबह 6 बजे से लेकर 10 बजे तक 4 घण्टे बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए सिीट एसडीओ विकास ठकराल, शहरी इंचार्ज विजेन्द्र साहू व 33 केवीए इंचार्ज सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह 4 घंटे मॉडल टाउन, अनाज मंडी, टिब्बा कॉलोनी, अरोड़ा कॉलोनी, एम्पलाइज कॉलोनी, लाली रोड, बुढलाड़ा रोड, पुराना बाजार, मेन बाजार, हनुमान चौक, शिव चौक, टोहाना रोड, भुना रोड व तहसील तक फतेहाबाद रोड, रामनगर, नहर कॉलोनी, सरदुलगढ़ रोड, अग्रवाल कॉलोनी, गीता कालोनी, सैनी मोहला, भुना रोड के एरिया की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### जरूरतमंद छात्रों को स्टेशनरी वितरित

**हिसार।** रोटरी सेंट्रल क्लब तरफ से वार्ड 13 आदर्श नगर हिसार स्थित राजकीय मॉडर्न संस्कृति प्राइमरी स्कूल में जरूरतमंद 180 विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई। क्लब के प्रधान रोटेरियन राकेश महता ने बच्चों को माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### मा. विजेंद्र जीतपुरा होंगे प्रत्याशी

**हिसार।** एसयूसीआई कम्यूनिस्ट ने हरियाणा प्रदेश में 6 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। राज्य सचिव मंडल सदस्य व जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने बताया कि हिसार से मास्टर विजेंद्र जीतपुरा पार्टी के उम्मीदवार होंगे। गुड़गांव से सरवण कुमार गुप्ता, भिवानी-महेंद्रगढ़ से रोहताश सैनी, रोहतक से जयकरण मांडौठी, सोनीपत से बलवीर सिंह एवं कुरुक्षेत्र से ओमप्रकाश शास्त्री पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

### गांव बाड्या में रक्तदान शिविर कल

**हिसार।** जनहित युवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से गांव बाड्या में 28 अप्रैल को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष व वजन 45 किलो से अधिक हो, रक्तदान कर सकता है।

### अवैध शराब सहित गाड़ी सवार युवक काबू

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने गश्त के दौरान कुम्हारिया से साबरवास रोड पर नाकाबंदी करके टाटा एस गाड़ी को रुकवा गाड़ी चालक को काबू किया। पुलिस ने इस संबंध में साबरवास निवासी सुरेन्द्र को गिरफ्तार करके 10 बोतल अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने उस पर केस दर्ज कर लिया है।

---

### 28 कैडेट्स का किया गया चयन

# रॉयल स्कूल खाराखेड़ी में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न



**फतेहाबाद।** रॉयल स्कूल खाराखेड़ी में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेते विद्यार्थी।

- नए सत्र के लिए एनसीसी कैडेट्स के 28 पद रिक्त थे, जिनके लिए विद्यालय के 64 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

तीन हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के सीओ कर्नल एसएस गिल के दिशा-निर्देशन में रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा.खेड़ी में नए सत्र के लिए एनसीसी भर्ती की गई। इस भर्ती को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए यूनिट से नायब सूबेदार सिराज, सीएचएम मनोज कुमार और सीएचएम प्रदीप कुमार यादव उपस्थित रहे। नए सत्र के लिए एनसीसी कैडेट्स के 28 पद रिक्त थे, जिनके लिए विद्यालय के 64 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस भर्ती प्रक्रिया में विद्यालय की तरफ से चयन समिति में सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरए प्रभाकर और स्कूल एएनओ थर्ड ऑफिसर पूनम बिश्नोई ने भाग लिया। भर्ती के लिए सभी छात्र-छात्राओं को शारीरिक व मानसिक परीक्षण से गुजरना पड़ा। सभी प्रतिभागियों की लंबाई और भार के नाप-तोल के पश्चात उन्होंने 1200 मीटर दौड़ और बाधा दौड़ के शारीरिक परीक्षण में भाग लिया। इसके पश्चात सभी का मेडिकल परीक्षण किया गया। मेडिकल परीक्षण में पास होने वाले सभी प्रतिभागियों के मानसिक परीक्षण के लिए 50 अंकों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार लिया गया। इन सभी प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद सफल हुए विद्यार्थियों में से 28 कैडेट्स को चुना गया जिन में 18 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। गौरतलब है कि इस विद्यालय में एनसीसी के 50 पद स्वीकृत है। भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और सफलता पर स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्सना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य ने सभी कैडेट्स और चयन समिति के अधिकारियों को बधाई दी।

## पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला



**बरवाला।** पुलिस अर्ध सैनिक बल समेत बरवाला शहर में पैदल फ्लैग मार्च करते हुए।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए पुलिस ने अर्धसैनिक बल सहित थाना बरवाला क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च किया। इसमे डीएसपी गौरव शर्मा, थाना प्रभारी बरवाला प्रदीप कुमार सहित पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के अधिकारी भी शामिल रहे। पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ मिलकर बरवाला, खेदड़, पाबड़ा, राजली, पंघाल, बढ़ावड़, सरहेडा, बालक में पैदल मार्च किया। पुलिस उप अधीक्षक ने कहा कि पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान थाना क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिले में फ्लैग मार्च किया गया है। चुनाव के दौरान पुलिस की असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर है। कानून एवं व्यवस्था बिगाड़ने वाले पर पुलिस सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने आमजन से शांति एवं व्यवस्था बनाए रख भय मुक्त मतदान की अपील की।

### राजकीय मॉडल स्कूल सिरसा के कार्तिक व पिंकासी ने लहराया परचम

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने जेईई, एडवांस (आईआईटी) में परचम लहराकर अपने विद्यालय और सिरसा का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मालिक ने बताया कि विद्यार्थी कार्तिक ने 99.99 प्रतिशत अंक के साथ ऑल इंडिया में 1597 रैंक प्राप्त किया है। वहीं छात्रा पिंकासी ने 98.58 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य मदन मलिक ने अपने स्टाफ की अथक लग्न और कर्मशील विद्यार्थियों को बधाई दी। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित भी किया। जिला शिक्षा अधिकारी ज्ञान सिंह ने इस सफलता के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य व स्टाफ की मुक्तकंठ से प्रशंसा की ओर विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुनील कुमार, मेडम नाजली, डॉ. राजेश खुराना, प्रमोद कुमार, दर्शन सिंह, सतपाल गाट, जगतार सिंह, अनूप कुमार, सुजीत, प्रिंस, वीमी, केवल कुमार, नवजीत, रितंदर पांडे, राकेश, मोहन, वृंदा, पंकज, रेख, सुमन पूनिया व समस्त स्टाफ सदस्य भी मौजूद थे।

### सोनू जिंदल फिर बने लायंस क्लब रतिया टाउन के अध्यक्ष


**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाउन की 2024-25 की नई कार्यकारिणी चयन के लिए चुनावी बैठक निवर्तमान प्रधान विजय सोनू जिंदल की अध्यक्षता में टोहाना रोड स्थित लांयस भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विजय सोनू जिंदल को पुनः लायंस क्लब रतिया टाउन का अध्यक्ष चुना गया है और उन्हें नई कार्यकारिणी गठन का अधिकार दिया गया।

पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विजय सोनू जिंदल सोनू ने कहा कि उनका और उनकी क्लब का मुख्य उद्देश्य दीन दुखियों की सेवा और समाज हित के कार्य करना रहेगा। विजय सोनू जिंदल की नियुक्ति पर शहर की अनेक धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है।

इस मौके पर सत प्रकाश जैन, प्रमोद बांसल, राजकुमार मित्तल, राजीव गर्ग, सतपाल जिंदल, भूपेंद्र सैनी, लाल सिंह, विवेक गर्ग, शिव सोनी, सुरेश जैन, दीपक मित्तल, सुशील जैन, यानिंद्र बांसल, अशोक चोपड़ा आदि सदस्य मौजूद थे।

## ट्यूबवेल से तार चोरी करने के आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज. सिरसा



सदर थाना सिरसा पुलिस ने गांव खैरेकां क्षेत्र में घग्गर नहर के किनारे पर लगी ट्यूबवेल की मोटर से केबल तार चुराने के मामले की घटना के दोनों आरोपियों को काबू किया है। सदर थाना सिरसा प्रभारी जगदीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों की पहचान वकील सिंह तथा बबलू निवासी हुडा सेक्टर 19 सिरसा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवकों की निशानदेही पर चोरीशुदा करीब 10 फुट की केबल तार भी बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दोनों पकड़े गए युवक नशा करने के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए ही उन्होंने चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी जगदीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के दौरान अन्य आपराधिक वारदातों के बारे में खुलासा होने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### अलग-अलग स्थानों से तीन मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** अलग-अलग स्थानों से चोर तीन मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दिए बयानों में पहले मामले में राजस्थान के गांव चिड़िया गांधी निवासी दयानंद ने बताया कि वह डबवाली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में आया था। मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया।

कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली। दूसरे मामले में गांव रोड़ी निवासी रामपाल सिंह ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसने बताया कि वह मंडी में मजदूरी के लिए गया था। मोटरसाइकिल खड़ी कर वह काम पर चला गया। पीछे से कोई उसकी बाइक चोरी कर ले गया।

तीसरे मामले में गांव झंडाखुर्द निवासी नवीन ने बताया कि उसने शाम को अपनी मोटरसाइकिल हाथी पार्क के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद आकर संभाली तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर बाइक की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सीएमके कॉलेज में फूड प्लेनेट हेल्थ विषय पर हुआ वेबिनार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सीएमके कॉलेज में शुक्रवार को वीगन आउटरीच संस्था के संयुक्त तत्वावधान में फूड प्लेनेट हेल्थ विषय पर वेबिनार हुआ जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने की। इस अवसर पर वीगन आउटरीच संस्था से अभिषेक दुबे ने भोजन द्वारा पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य व प्राणियों पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा की और बताया कि पौध आधारित भोजन से अपनी आवश्यकता के सारे पोषक पदार्थ प्राप्त करके ज्यादा स्वस्थ रहा जा सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन, प्रजातियों के विलुप्तीकरण, जंगलों की कटाई, भुखमरी आदि समस्याओं को कम किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने वर्तमान औद्योगिक पशुपालन की वजह से मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और पशु-पक्षियों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए पौधों पर आधारित वीगन जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता को भी समझाया। इस मौके पर प्राचार्या ने भी प्राचीन पौध आधारित जीवनशैली को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि हमें पशु उत्पादों का इस्तेमाल यथासंभव बंदकर पौध-आधारित भोजन करने की कोशिश करनी चाहिए।

### ठेके में लूटपाट के आरोपियों से लूटी गई संपत्ति बरामद

**सिरसा।** बड़ागुढ़ा थाना पुलिस ने बीती 15 फरवरी की रात को थाना क्षेत्र के गांव बीरूवालागुढ़ा के शराब ठेका में हुई लूटपाट के मामले में घटना के तीन आरोपियों को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। रिमांड अवधि के दौरान लूटी गई संपत्ति तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व हथियार कापा बरामद कर लिया है। इस संबंध में बड़ागुढ़ा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लाभ सिंह, वीरेंद्र सिंह निवासी गांव अलीकां तथा राजेश कुमार निवासी गांव नहराणा थाना चोपटा जिला सिरसा के रूम में हुई है।

## आपराधिक मामलों में वांछित 5 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार एसटीएफ टीम ने पांच हजार के इनामी व हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ टीम ने खरड़ अलीपुर निवासी आरोपी कुलदीप उर्फ बैंडर को माइयड़ गांव के पास से गिरफ्तार किया। एसटीएफ के अनुसार पकड़े गए आरोपी पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उसे पिछले वर्ष दिसम्बर में गांव के विकास उर्फ केसी की हत्या मामले में गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार गांव खरड़ अलीपुर के शराब ठेकेदार विकास उर्फ केसी व गांव छिछडाना जिला सोनीपत के मौजूदा सरपंच के चर्चित हत्याकांड के अलावा गांव राजली निवासी शराब ठेकेदार पर जानलेवा हमले में कुलदीप मुख्य शार्पशूटर रहा है। वह हत्या, हत्या के प्रयास व डकेती के मामलों में पांच हजार का इनामी बदमाश है। आरोपी ने एक दिसंबर 2023 को गांव अलीपुर में विकास उर्फ केसी की आरोपी कुलदीप उर्फ बैंडर ने अपने साथियों के साथ मिलकर गोलियां मारकर हत्या कर दी थी।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक 28 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को सायं 5 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं लिखित में लेकर आए ताकि संबधित विभागों से हल करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि बैठक वरिष्ठ नागरिकों का प्रांतीय स्तर सम्मेलन 23 जून को फतेहाबाद में मनाने बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बतया कि बैठक में वर्ष 2023-24 तक की आय-व्यय के ब्यौरे की पुष्टि की जाएगी। बैठक में जिन वरिष्ठ नागरिकों का अप्रैल मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

## डीएवी स्कूल में लगाई पुस्तक प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में स्कॉलर्स इंडिया बुकस द्वारा आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी को देखती छात्राएं।

पुलिस लाईन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आज स्कॉलर्स इंडिया बुकस की ओर से विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं टीचर्स के लिए दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों की जनरल पुस्तकें, कविताएं, प्रसिद्ध लेखकों की कहानियों, हेल्थ एजुकेशन, योग से संबंधित पुस्तकों को इस मेले में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए विशेष रूप से स्थान दिया गया। स्कॉलर्स इंडिया बुकस से प्रमोद शर्मा, गुरूग्राम ने विद्यार्थियों को पुस्तकों के विषय के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों में भी इस पुस्तक प्रदर्शनी को लेकर काफी उत्साह नजर आया और उन्होंने बड़ी उत्सुकता के साथ पुस्तकों का निरीक्षण किया। स्कूल के प्राचार्य अरूण शर्मा ने प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित कर कहा कि अच्छी किताबें हमारे दिमाग को सकारात्मक उर्जा देने का काम करती हैं। पुस्तकें ही एक विद्यार्थी की सच्ची मित्र होती हैं। पुस्तकें हमारी आसपास की दुनिया को समझने, सही और गलत के बीच निर्णय लेने में हमारी मदद करती हैं। इसलिए हमें किताबों से दोस्ती करनी चाहिए। उन्होंने विद्यालय में इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए स्कॉलर्स इंडिया बुकस का भी धन्यवाद किया। प्रदर्शनी में स्कूल के सभी टीचर्स ने भाग लिया।

## जल्लोपुर में मकान से गहने व नकदी चोरी

- दो युवकों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

रतिया के गांव जल्लोपुर में चोरों ने एक मकान के ताले तोड़कर वहां से गहने व हजारों की नगदी चोरी कर ली। गांव के ही दो युवकों पर चोरी का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जल्लोपुर निवासी राजेन्द्र कौर ने कहा है कि कुछ दिन पूर्व वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में पंजाब गई थी। वह घर के सभी कमरों को ताला लगाकर गए थे। अब जब वह वापस घर पहुंचे तो बाहर मेन गेट पर ताला लगा था। जब वह अंदर गए तो देखा कि अंदर के ताले टूटे पड़े थे और सामान बिखरा हुआ था। जब उसने सामान की जांच की तो पता चला कि पीछे से अज्ञात चोर उसके मकान में घुसकर अलमारी में रखे 500 ग्राम चांदी के जेवर, 2 जोड़ी सोने के टोपस, एक सोने की छाप, 2 मोबाइल फोन व 30 हजार रुपये की नगदी गायब थी। इस पर जब उन्होंने आसपास तलाश की तो उन्हें पता चला कि सतपाल उर्फ जवरा व विष्णुराम निवासी जल्लोपुर ने उनके मकान में चोरी की है। इस पर महिला ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### कैंप में आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी वितरित की गई

# सरकारी स्कूल धांगड़ में स्वास्थ्य चैकअप कैंप

- योग व स्वास्थ्य के बारे में बच्चों को जागरूक किया
- कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इस कैम्प में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांगड़ में आयुष मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया।

इस कैम्प में डॉ. भारती, सीनियर आयुर्वेदिक ऑफिसर, फार्मासिस्ट सीमा यादव व योग सहायक सोनू के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों का हैल्थ चैकअप किया गया और आवश्यकता अनुसार दवाईयां भी वितरित की गई।

योग सहायक सोनू के द्वारा योग के बारे में जानकारी दी गई। इसमें योग व स्वास्थ्य के बारे में बच्चों को जागरूक किया। प्रिंसीपल डॉ. शारदा व अंतु, रामनिवास की देखरेख में आयुर्वेद के लाभ के बारे में बताया गया। कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इस कैम्प में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

## खबर संक्षेप

### कुमारी शैलजा को उम्मीदवार बनाने पर बांटे लड्डू

**रतिया।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा को सिरसा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार बनाने के बाद आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। आज कुमारी शैलजा की समर्थन में रतिया विधानसभा सीट से कांग्रेस की टिकट की दावेदार परमजीत कौर के नेतृत्व में सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुमारी शैलजा को उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत किया और लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया।

### 6 बच्चों ने जेईई मेंस में किया बेहतर प्रदर्शन

**सिरसा।** बरनाला रोड स्थित रंजन क्लासिस के 6 बच्चों ने जेईई मेंस में टॉप करते हुए सिरसा जिला का नाम रोशन किया है। इस सिलसिले में अकादमी संचालक आर.के. रंजन ने बताया कि जेईई मेन्स अत्यंत कठिन परीक्षा होती है और इसे पास करना बड़ी उपलब्धि होती है। अकादमी के 6 बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जेईई मेन्स परीक्षा में कार्तिक ने टॉप करते हुए 99.909 परसेंटाइल हासिल किए और ऑल इंडिया में 1597 रैंक हासिल किया है।

### डोडा पोस्त के साथ एक महिला पकड़ी

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने 2 किलो 500 ग्राम डोडा-पोस्त के साथ एक महिला को काबू किया है। महिला की पहचान निवासी देसूमलकाना जिला सिरसा के रूप मे हुई है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्ता सूचना मिली थी और इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने गदराना स्थित मकान की तलाशी लेकर डोडा पोस्त बरामद की। पुलिस ने महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्जकर उसे गिरफ्तार किया है।

### निर्माण कार्य के लिए सौंपा 50 हजार का चैक

**सिरसा।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश सिंह साहुवाला ने रानियां हलके की ढाणी लहरावांली स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब को निर्माण आदि के लिए 50 हजार रुपए की राशि का चैक वहां के प्रबंधकों को सौंपा। प्रकाश सिंह साहुवाला ने यह चैक श्री गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधक राणा, श्री गुरुद्वारा साहिब कमेटी के सदस्य विक्रमजीत सिंह मोमी व कश्मीर सिंह मोमी को सौंपा।

### किसानों को खेत जाने से रोका हवाई फायरिंग कर धमकाया

**फतेहाबाद।** ढाणी टालीवाली में दो किसानों ने तीन युवकों पर उन्हें खेत में जाने से रोकने और हवाई फायरिंग कर धमकाने का आरोप लगाया है। इस बारे पीड़ित किसानों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी चेतनपुर निवासी बलकरण सिंह व नक्षत्र सिंह ने कहा है कि वे खेतीबाड़ी का काम करते हैं और उनके खेत ढाणी टालीवाली में स्थित है। उन्होंने कहा कि ढाणी टालीवाली निवासी नरेन्द्र सिंह व सतपाल तथा ढाणी मसीतां निवासी अंग्रेज सिंह तीनों उन्हें खेत जाने से रोकते हैं और जान से मारने की धमकियां देते हैं। कुछ दिन पहले जब बलकार सिंह रात को खेत में अपनी फसल को संभालने गया तो उक्त तीनों वहां मौजूद थे और शराब के नशे में थे।

### पिछले 10 महीनों से कुत्तों द्वारा राहगीरों को काटने का सिलसिला लगातार जारी है

# आवारा कुत्तों की दहशत, लोगों में रोष, प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

बार-बार शिकायत के बावजूद नगरपरिषद द्वारा आवारा कुत्तों पर नकेल कसने के लिए कोई कदम नहीं उठाने के कारण लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है, शुक्रवार को आदर्श नगर के लोगों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते वार्डवासी। फोटो : हरिभूमि

वार्ड 12 में आवारा कुत्तों की दहशत बढ़ती जा रही है। पिछले करीब 10 महीनों से कुत्तों द्वारा राहगीरों को काटने का सिलसिला लगातार जारी है। बार-बार शिकायत के बावजूद नगरपरिषद द्वारा आवारा कुत्तों पर नकेल कसने के लिए कोई कदम नहीं उठाने के कारण लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को आदर्श नगर के लोगों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की गुहार लगाई। तहसीलदार जगदीश चंद्र को सौंपे ज्ञापन में आदर्श नगर के निवासियों ने बताया कि आवारा कुत्तों की मोहल्लावासियों में दहशत है, गलियों में आने जाने वाले अनेक राहगीरों, बच्चो व महिलाओं को काट खाया है। इनकी वजह से छोटे-छोटे बच्चों का बाहर खेलना व घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गली वासियों ने बताया कि और हर आने जाने वाले वाहन के पीछे ये कुत्ते दौड़ते हैं जिस कारण ये बहुत ही खतरनाक बन गए है। पिछले हफ्ते आदर्श नगर निवासी नत्थूराम मुरेजा व इस रविवार को सचिन मिढ़ा काकू को कुतो ने बुरी तरह काट खाया। काकू मिढ़ा की मोटरसाइकिल के पीछे पड़ते हुए उनकी दोनो टांगों पर काटते हुए उनका काफी नुकसान किया। एक टांग का मास फट गया है और मोटरसाइकिल से गिरने के कारण सिर पर भी टांके आए हैं। इसके अलावा भी दर्जनों लोगों को कुत्ते काट चुके हैं जिसके अनेक छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इसकी एक लिस्ट भी प्रशासन को लोगों ने ज्ञापन के साथ सौंपी है।

**नगर परिषद् में इसके बारे में अवगत करवाया परन्तु आज तक कोई समाधान नही हुआ**

मोहल्लावासियो ने बताया कि आदर्श नगर निवासियों ने गत 9 जुलाई 2023 को नगरपरिषद चैयरमैन टेकचंद छाबा को ज्ञापन दिया था। बाद में भी बार- बार नगर परिषद् में इसके बारे में अवगत करवाया परन्तु आज तक कोई समाधान नही हुआ है। आदर्श नगर निवासियों ने एसडीएम से गुहार लगाई कि जल्द से जल्द उचित कदम उठाकर उन्हें आवारा कुत्तों से निजात दिलाई जाए। इस मौके पर भजन मेहता, भारत भूषण वधवा, अमनदीप, लवली शर्मा, रमेश सिंगला, प्रवेश घई, इंदु मुरेजा, राजा कुक्कड, पूर्व पार्षद शाम लाल कुक्कड़, 'योति धमीजा पार्षद वार्ड 12, ऊषा वर्मा, रमेश मेहता आदि साथ थे।



फतेहाबाद। विद्यार्थियों व ग्रामीणों को वोट करने के प्रति जागरूक करते सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अमले के कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## जनसंपर्क विभाग ने गांव दरियापुर में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

- लोक गीतों व रागनियों के माध्यम से विद्यार्थियों व ग्रामीणों से की शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अमले द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दरियापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व गांव दौलतपुर, हिजरावां खुर्द, माजरा, खैराती खेड़ा, बनगांव, ढिंगसरा, भोडिया खेड़ा, भिरड़ाना सहित लगभग 2 दर्जन गांवों में कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीतों व भजनों के माध्यम से लोगों को बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया गया है। क्षेत्रीय प्रचार अमले ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोट बनवाने व मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में जिला में स्वीप अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं तथा विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया रहा है।

उपायुक्त राहुल नरवाल का कहना है कि फतेहाबाद वोट करेगा तो लोकतंत्र सशक्त होगा। इसलिए जिला वासी देश के पर्व लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट करे। स्वीप गतिविधियों के लिए एडीसी राहुल मोदी बतौर नोडल अधिकारी कार्य करते हुए गतिविधियों के सफल आयोजन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिले के प्रत्येक मतदाता को प्रेरित व जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एक-एक मतदाता तक पहुंच कर उनके वोट की महता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि चुनाव पर्व देश का गर्व थीम को सही मायनों में चरितार्थ किया जा सके। इस अवसर पर डीडीओ ऊषा बंसल, दीपक कुमार, नेहा रानी, राजबीर, जितेन्द्र, कुलदीप, राजेश कुमार, कमला बाई, सोहन सिंह, रोहित कुमार, राजेन्द्र सिंह, सतबीर गिल, बलवान सिंह, विरेन्द्र सिंह, नीतू रानी, सुनीता रानी, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

## गोशाला में गौ कथा का आयोजन

- प्रथम दिवस पर गौ भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई व साथ ही हवन यज्ञ के उपरांत कथा का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। कथा करते स्वामी राजेंद्रानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

संत बाबा किशन सिह महाराज मैमोरियल गऊशाला मसीतां में स्वामी राजेंद्रानंद महाराज हरिद्वार वालो के सानिध्य में श्री धेनु मानस गौ व संस्कार ज्ञान कथा का आयोजन किया गया है। इसके प्रथम दिवस पर गौ भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई व साथ ही हवन यज्ञ के उपरांत कथा का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने गौ माता की सेवा का महत्व बताया और इस बात पर प्रकाश डाला कि जो इंसान गौ माता की सेवा करते हैं परमात्मा उनका हर तरफ से ध्यान रखते हैं और उन्हें किसी प्रकार का कष्ट नहीं आता। स्वामी जी ने तन, मन व धन को पवित्र रखने के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तन को पवित्र रखने के लिए रोजाना सुबह स्नान, मन को पवित्र रखने के लिए भगवान का सिमरण चाहिए। ठीक उसी प्रकार धन को पवित्र बनाने के लिए दान देना चाहिए। स्वामी ने बताया कि वे गायों की निस्वार्थ सेवा करते हैं और 165 गौशालाओं में करीब 2 लाख गायों के लिए निस्वार्थ बिना किसी लोभ मोह गौ कथाओं का आयोजन करते हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी तरफ से 51000 रुपए की राशि गौमाता की रक्षा के लिए दान दी।

### शैलजा के नेतृत्व में जवाहर मधु ने समर्थकों सहित थामा कांग्रेस का दामन

**फतेहाबाद।** पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलवान सिंह दौलतपुरिया के प्रयासों से फतेहाबाद से जवाहर मधु ने अन्य पार्टी को छोड़कर कांग्रेस में आस्था जताई। दौलतपुरिया के साथ जवाहर मधु अपने अन्य समर्थकों के साथ हिसार में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा के निवास पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर कुमारी शैलजा ने सभी का स्वागत किया। कुमारी शैलजा ने जवाहर मधु व अन्य समर्थकों को पार्टी का सम्मानित पटका पहनाकर विधिवत रूप से कांग्रेस ज्वाईन करवाई तथा विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान मिलेगा।

## दो मई को धर्म प्रचार उप कार्यालय खोलेगी हरियाणा कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते बलजीत सिंह दादूवाल।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्म प्रचार के चेयरमैन बलजीत सिंह दादूवाल नेकहा कि 2 मई को गुरुद्वारा श्री दसवीं पातशाही में धर्म प्रचार उप-कार्यालय खोला जाएगा जिसमें कथावाचक, रागी, ढाडी, प्रचारक, कवीशर सिंह उपस्थित रहेंगे, जो गुरबानी सिखों के इतिहास को इस क्षेत्र के दूर-दराज के गांवों तक फैलाएंगे। बलजीत सिंह आज गुरुद्वारा श्री दसवीं पातशाही में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिख परिवारों को जोडने का भरपूर प्रयास किया जाएगा,ताकि वे नशे से दूर हो कर धर्म से जुड़े,जत्थेदार दादूवाल जी ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गुरुघरों के उचित प्रबंधन,धर्म प्रचार-प्रसार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए विशेष कार्यक्रम बनाकर तेजी से काम कर रही है, जिसका भरपूर लाभ अमृतधारी सिख बच्चों के साथ साथ हर वर्ग के बच्चे को मिलेगा। स्कूलों में मुफ़्त और कॉलेजों में सिख बच्चों को छात्रवृत्ति दी जा रही है जो सिर्फ एक घोषणा नहीं है बल्कि उन्हें व्यवहारिक तौर पर लागू करने के तमाम प्रयास किए जा रहे है। इस मौके पर हरियाणा कमेटी अध्यक्ष जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध, सुदर्शन सिंह अंबाला, बीबी रविंदर कौर, सुखविंदर सिंह मंडेबर, गुलाब सिंह मूनक, बलदेव सिंह खालसा टोहाना आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में एमएम कॉलेज ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम पीजी कॉलेज के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय रतिया में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में फतेहाबाद के मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इन प्रतियोगिताओं में कॉलेज के विद्यार्थियों ने लीगल लिटरेसी सैल की इंचार्ज डॉ. ज्योति नागपाल के निर्देशन व डॉ. सुमंगला वशिष्ट की देखरेख में भाग लिया। प्रतियोगिता में जिलेभर से अनेक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। डॉ. सुमंगला वशिष्ठ ने बताया कि मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, भाषण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग व पीपीटी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग में छात्रा हिमांशु बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में छात्र अनमोल बीए द्वितीय वर्ष भी पहले स्थान पर रहा।

## सीडीएलयू के छात्रों ने किया वीटा प्लांट का दौरा

- कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय विकास के मध्य गहरा संबंध है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। वीटा मिल्क प्लांट का भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के एमएससी के विद्यार्थियों ने व्यवहारिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से सिरसा स्थित वीटा मिल्क प्लांट तथा केलनिया रोड स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया और वेस्ट मैनेजमेंट तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट के विभिन्न पहलुओ को सीखा। इस संबंध में ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद काशिफ किदवई ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों की फील्ड विजिट करवाई गई। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय विकास के मध्य गहरा संबंध है। इस विषय पर अध्ययन करना और इसमें शोध करना अविश्वसनीय परिणामों को लाने में सहायक हो सकता है। कचरे का उपयोग, उसका पुनर्चक्रण और संभावित उपयोगिता पर ध्यान देकर संसाधनों का सदुपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वीटा प्लांट के अतिरिक्त केलनिया रोड स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने घरेलू वेस्ट प्रबंधन एवं बायोलॉजिकल रिएक्टर तथा सेकुएंकेशल बैच रिएक्टर आदि की तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जाना।

## सिटी स्कूल भिरडाना में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। सिटी स्कूल भिरड़ाना में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद की शाखा रतिया की ओर से सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिरडाना में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में सैंकड़ों विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉक्टर शबीना जैन और डॉक्टर रंजीत कौर ने स्वास्थ्य जांच करते हुए विद्यार्थियों को खान-पान के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के अनुसार हमारे शरीर में वायरस के कारण कई तरह की बीमारियां पैदा हो जाती है। इसके शुरुआती दौर में हम इसको लेकर गंभीर नहीं होते है, इसलिए सीजन के अनुसार अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। खासकर इन दिनों में धूल मिट्टी आदि से बचाव रखना चाहिए। बच्चों को विटामिन और प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए। इनकी पूर्ति के लिए हम दूध और दही से बनी चीजें खा सकते है।

## 42600 नशीली गोलियों व कैप्सूल का जखीरा बरामद आरोपी काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल ऐलनाबाद की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 42600 नशीली गोलियों तथा कैप्सूल का जखीरा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि काबू किए गए युवक की पहचान मंगतराम निवासी बुढाभाणा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐलनाबाद एंटीनाकोटिक्स सेल के प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस टीम के साथ शहर सिरसा के हिसार रोड पर स्थित दिल्ली पुलिया के पास आने जाने वाले वाहनों को चेक कर रहे थे। इसी दौरान शहर के किसान चौक की तरफ से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति आया और सामने पुलिस पार्टी को देखकर वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। शक की बिनाह पर पुलिस टीम ने उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके मोटरसाइकिल पर रखी गत्ते की पेटियों से विभिन्न प्रकार की 42600 नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद हुए।



सिरसा। नशीली गोलियों सहित पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### 28 को कुमारी शैलजा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**डबवाली।** सिरसा संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का कुमारी शैलजा के रूप में चयन होने के बाद डबवाली हल्के में राजनीतिक समीकरण बदलते जा रहे हैं। कुमारी शैलजा के नाम का ऐलान होते ही यहां कांग्रेसियों में उत्साह का संचार हो गया है। वैसे व्यक्तिगत रूप से भी कुमारी शैलजा का डबवाली में अच्छा प्रभाव है। ऐसे में राजनीति के जानकारों का मानना है कि कुमारी शैलजा डबवाली हल्के में भाजपा व अन्य पार्टियों के उम्मीदवारों को सशक्त टक्कर देगी। उनके नाम के ऐलान के बाद से ही कांग्रेसियों ने यहां कार्यालय खोलने व चुनावी प्रचार की तैयारी शुरू कर दी है।

### दीक्षा व एंजेल को प्रथम स्थान, जितेश व लावण्या ने पाया द्वितीय स्थान

# क्रेसण्ट स्कूल में करवाई गई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- लघु नाटिका, कविता गायन, भाषण एवं स्लोगन व पोस्टर मेकिंग आदि करवाई

क्रेसण्ट स्कूल में अर्थ डे वीक मनाया गया। प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे कि लघु नाटिका, कविता गायन, भाषण एवं स्लोगन व पोस्टर मेकिंग आदि करवाई गई। प्रतिभागियों को प्लास्टिक प्रदूषण, पुनर्चक्रण पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग को कम करने के महत्व के संबंध में विभिन्न थीमों को अन्वेषित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता अत्यंत प्रशंसनीय, हर पोस्टर में अद्वितीय दृष्टिकोण एवं प्लास्टिक संकट का समाधान दृष्टिगोचर हुआ। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के पोस्टरों के प्रदर्शन व मूल्यांकन के आधार पर दीक्षा व एंजेल को प्रथम स्थान, जितेश व लावण्या को द्वितीय स्थान तथा मान्या, दिव्यांशु व हसित को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। तान्या, वंशिका, रिया, गर्वित व आयुषी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। स्कूल प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पोस्टर निर्माण विचारों को साझा करने का एक माध्यम है तथा इससे क्रिएटिविटी एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता मिलती है जिसको प्रदूषण से बचाने एव शुद्ध रखने में विद्यार्थी अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।



फतेहाबाद। क्रेसण्ट स्कूल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।